प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा–वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखा कर किया रवाना।
2. राज्यपाल और कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह में हुई शामिल : 198 मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रदान किये मेडल।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचे वाराणसी : सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक में कर रहे है विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा।
4. प्रदेश भर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है आज पैगम्बर मोहम्मद का जन्मदिन ईद मिलाद–उन–नबी पर्व : विभिन्न स्थानों पर निकाला गया मदहे सहाबा का जुलूस। और
5. गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रदेश के 20 जिले बाढ़ की चपेट में।

———————

आगरा–वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आगरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर छह पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री

रवनीत सिंह बिट्टू और आगरा के सांसद और केन्द्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने शाम सवा चार बजे आगरा–वाराणसी वंदे भारत ट्रेन पर पुष्प वर्षा कर इसको रवाना किया। यह ट्रेन रात 11 बजकर 55 मिनट पर वाराणसी के कैंट स्टेशन पर पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ कोच होंगे। नियमित परिचालन के दौरान यह शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन से लोग कम समय में लम्बी दूरी तय कर सकेंगे। उधर, दिल्ली–वाराणसी के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के नये स्वरूप का भी आज प्रधानमंत्री ने वर्चुअल शुभारम्भ किया। इस ट्रेन में पहले 16 कोच थे, जिसे बढ़ाकर 20 कर दिया गया है। वाराणसी के कैंट स्टेशन में इस ट्रेन के शुभारम्भ मौके पर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर और रविन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे।

——————

राज्यपाल और कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति से सभी कुछ मुमकिन है। लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय में नैक ग्रेडिंग में ए प्लस–प्लस प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने समारोह में 198 मेधावी छात्र–छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने मेडल प्राप्त करने वाले

छात्र–छात्राओं और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं और बधाई दी। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पद्‌म विभूषण डॉ0 विजय पांडुरंग भातकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेडल प्राप्त करने वाली बेटियों को आगे बढ़ता हुआ देखकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय इन्हीं बेटियों का होगा। समारोह में उपस्थित उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय कहा कि राज्यपाल आनन्दोबेन पटेल के मार्ग दर्शन में प्रदेश के सात सरकारी विश्वविद्यालय ए प्लस–प्लस, पांच ए प्लस और तीन यूजीसी ग्रेड वन की रैकिंग में हैं। शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भी छात्र–छात्राओं को संबोधित किया।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। दौरे के पहले दिन मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक में विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। श्री योगी कल काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के साथ ही दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत करेंगे। इसके अलावा कई कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

—————————

स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय है– स्वभाव

स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलां, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जायेगी। प्रदेश सरकार स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दो अक्टूबर को स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफाई मित्रों सहित अन्य लोगों को स्वच्छता ही सेवा अवार्ड से सम्मानित करेगी।

————————

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधारकार्ड को अपडेट करने की समय सीमा को आगे बढ़ा दिया है। अब 14 दिसम्बर तक बिना शुल्क दिये आधार कार्ड में जरूरी बदलाव किया जा सकता है। पहले इसकी अंतिम तिथि 14 सितम्बर थी। निशुल्क सेवा माई आधार पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके साथ ही माई आधारऐप पर भी लॉगइन किया जा सकता है। ऑनलाइन माध्यम से केवल नाम, पता लिंग और जन्म तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन आज ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जा रहा है इस मौके पर पूरे प्रदेश में धार्मिक उल्लास और जोश का माहौल है जगह–जगह मिलाद की महफिल और मोहम्मद साहब की सीरत के बयान का आयोजन किया जा रहा है राजधानी लखनऊ में अमीनाबाद स्थित झंडेवाला पार्क से ऐशबाग ईदगाह तक मदहे–सहाबा का जुलूस और दरगाह शाहमीना से ज्योतिबाफुले पार्क तक जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। ऐशबाग ईदगाह पहुंचने पर जुलूस जलसे में तब्दील हो गया। इस जलसे में मौलाना खालिद रशीद कई उलेमाओं ने पैगम्बर मोहम्मद साहब की जिन्दगी पर प्रकाश डाला। इससे पहले कल रात जगह–जगह मिलाद और सीरत की महफिल और नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ईद मिलादुन्नबी पर पदेशवासियों को मुबारकबाद दी है। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर पूरे प्रदेश में जुलूस निकाले जा रहे हैं। रामपुर,

बरेली, मथुरा, अलीगढ़ सहित विभिन्न जनपदों में जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस निकाला गया।

बदायूं में जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल मदरसों के बच्चों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.......

*बदायूं जिले में ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर की जमा मस्जिद शम्सी से जुलूस ए मोहम्मदी का आगाज किया गया। जिसकी सदारत हजरत अतीफ मियां कादरी ने की। जुल्स शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ जमा मस्जिद शम्सी पर संपन्न हुआ। जुलूस के रास्तों पर जगह जगह नात ख्वानी, लंगरदारी और जलसों को आगाज किया गया। जुलूस में स्कूल और मदरसों के बच्चों की आमद और उसमें शामिल झांकियों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। शहर के अलावा बदायूं के दातागंज, अलापुर, ककराला, उसहैत, बिसौली, बिल्सी, सहसवान और उझानी समेत गांव देहात में भी जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिले भर में मस्जिदों और धार्मिक स्थलों को खूबसूरत अंदाज में सजाया गया है। मोहम्मद नईम, आकाशवाणी समाचार, बदायूं।*

——————

मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र की जाकिर कालोनी में शनिवार को तीन मंजिला इमारत गिरने से दस लोगों की मौत के मामले में प्रदेश के दुग्ध मंत्री और मेरठ के प्रभारी धर्मपाल सिंह ने आज घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि स्वजन को दैवीय आपदा कोष से चार–चार लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जायेगी।

——————

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा नदी ने प्रदेश के 20 जिलों को बाढ़ की चपेट में ले लिया है। राहत आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इन जिलों के 486 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। लखीमपुर खीरी, फर्रूखाबाद, गोंडा, जालौन, सीतापुर, बहराइच, बाराबंकी, रामपुर, बदायूं, वाराणसी, प्रयागराज, बलिया, बस्ती, आगरा, गौतमबुद्धनगर, बांदा, हमीरपुर, पीलीभीत, अयोध्या और देवरिया में बाढ़ का असर है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत टीमें लगाई गई हैं। वाराणसी में गंगा का पानी चेतावनी बिन्दु को पार कर गया है। दशाश्वमेघ घाट की अंतिम सीढ़ी भी डूब गई हैं। यहां शवदाह और गंगा आरती गली और छतों पर हो रही है। अयोध्या में सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों से लोगों का पलायन शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिये नाव लगाई है। उधर, बाराबंकी में सरयू नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इससे यहां की 20 गांव टापू में तब्दील हो गये हैं।

रामनगर तहसील के बेलहरी गांव में प्राइमरी स्कूल की बिल्डिंग और 25 मकान नदी में समा गये हैं। एडीएम अरूण कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण

**फर्रूखाबाद में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.....**

*फर्रूखाबाद में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच चुका है फर्रुखाबाद पांचाल घाट गंगा का जलस्तर 137.10 मीटर पर पहुंचा जो कि खतरे के निशान से काफी ऊपर है ..गंगा नदी में नरौरा , बिजनौर और , हरिद्वार बांध से लाखों क्यूसेक पानी कई महीनो में छोड़ा जा चुका है जिसके चलते जनपद के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं जनपद की प्रमुख नदी गंगा के अलावा भी अन्य नदियां जैसे रामगंगा व काली नदी भी चेतावनी बिंदु के निशान के पास बह रही हैं। तेजी से बढ़ रहे पानी से कायमगंज व अमृतपुर तहसील बाल प्रभावित इलाकों के कई गांव के ग्रामीणों का आवागमन नाव के द्वारा हो रहा है इन इलाकों की कई सड़क जलमग्न हो चुकी है कई जगह पानी दो से तीन फीट बह रहा है जिला प्रशासन की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार अगले 48 घंटे में पानी बढ़ने की संभावना है प्रशासन द्वारा लगातार बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा किया जा रहा है लोगों को खाने की सामग्री मेडिकल किट आदि उपलब्ध कराई जा रही है गौरव यादव आकाशवाणी समाचार, फर्रूखाबाद।*

(समाप्त)